हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

13 ग्रामीण पेयजल सप्लाई पंचायतों को सौंपने की तैयारी का विरोध



14 गांधी-शास्त्री जयंती पर संस्था शुरू करेगी व्यवस्था परिवर्तन अभियान



खबर संक्षेप

डोडा पोस्त बरामदगी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक किलो 688 ग्राम डोडा पोस्त बरामदगी मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उमेश उर्फ छोटा पुत्र रामनारायण निवासी जमालपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि पुलिस टीम ने बीते 16 सितंबर को गांव भोडिया खेड़ा से जमालपुर शेखा रोड स्थित नहर पुल के पास नाकाबंदी की हुई थी।

चेक बाउंस मामले में एक साल की सजा

सिरसा। चेक बाउंस मामले में कोर्ट ने गांव कालुआना निवासी जयवीर को दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ-साथ न्यायालय ने आरोपी को चैक राशि की दोगुनी राशि अदा करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता एचडीएफसी बैंक द्वारा आरोपी के खिलाफ चैक बाउंस होने के संबंध में न्यायालय में शिकायत दायर की गई थी।

चौटाला का जनजागरण अभियान आज से

सिरसा। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान चौटाला से चंडीगढ़ की शुरुआत करेंगे। यह जनजागरण अभियान गांव चौटाला से आरंभ होकर प्रदेश के सभी हलकों से होता हुआ चंडीगढ़ में संपन्न होगा। पार्टी प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत वे कल डबवाली हलके के गांव चौटाला से करेंगे।

प्रधानाचार्य राजेश मल्होत्रा हुए सेवानिवृत्त

सिरसा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी चौपटा के प्रधानाचार्य राजेश मल्होत्रा 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने 8 दिसंबर 2025 को विद्यालय में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विद्यालय के विकास पर विशेष ध्यान दिया।

गेहूं चोरी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

सिरसा। पुलिस ने गांव महेना खेड़ा में घर के सामने बने प्लाट से 25 क्विंटल गेहूं चोरी मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि गांव महेना खेड़ा निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि टंकियां में रखी गेहूं को चेक किया 25 क्विंटल गेहूं चोरी होनी पाई गई।

एक ही दिन में दाम में 25 रुपये की बढ़ोतरी

1509 बासमती धान के दाम रिकार्ड स्तर पर, फतेहाबाद में ₹4600 प्रति क्विंटल बिका

फतेहाबाद मंडी में 4450 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका 1509 धान

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद जिला में 1509 बासमती किस्म के धान के दामों में लगातार तेजी देखी जा रही है। वीरवार को टोहाना अनाज मंडी में निजी खरीदारों ने बोली लगाकर 4600 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा, जबकि फतेहाबाद मंडी में इसका अधिकतम भाव 4450 रुपये प्रति क्विंटल रहा। बुधवार को टोहाना में 4575 रुपये का भाव मिला था। इस तरह एक दिन में टोहाना मंडी में 25 रुपये की और तेजी दर्ज हुई। लगातार बढ़ते भाव के कारण 1509 उत्पादक किसानों की नजर अब आगामी दिनों की मंडी बोली पर टिक गई है। बासमती के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। खास बात इसलिए भी है कि इस साल धान की फसल पर झाड़ कम है। ऐसे में किसानों को प्रति एकड़ अच्छी आमदनी की उम्मीद बढ़ गई है। बता दें कि पिछले साल 1509 किस्म का धान 3600 रुपये प्रति क्विंटल ही बिका था। बताया गया है कि इस बार मिडल ईस्ट में डिमांड निकलने से धान के दाम बढ़ रहे हैं।

आवक-मांग पर टिकी नजर

आने वाले दिनों में 1509 की मंडियों में आवक बढ़ने की संभावना है। इसके साथ निजी खरीददारों की मांग और बोली किस स्तर पर रहती है, इसका सीधा असर मंडी भाव पर पड़ेगा। किसानों के लिए फसल की गुणवत्ता और नमी भी महत्वपूर्ण रहेगी। जिले में परमल धान की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है, जबकि 1509 बासमती की खरीद निजी व्यापारियों के माध्यम से हो रही है। ऐसे में टोहाना में 4600 और फतेहाबाद में 4450 रुपये का भाव फिलहाल 1509 के बाजार में तेजी का प्रमुख संकेत है। अब किसानों और आढ़तियों की नजर अगले कुछ दिनों में होने वाली आवक और निजी खरीददारों की बोली पर रहेगी।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में आई धान की फसल। फोटो: हरिभूमि

चार हजार से शुरू हुआ सफर 4600 तक पहुंचा

1509 की शुरुआती आवक के दौरान मंडियों में इसका भाव करीब 4 हजार रुपये प्रति क्विंटल के बीच रहा था। उस समय किसानों की नजर बाजार की मांग और निजी खरीददारों की बोली पर थी। आवक बढ़ने के साथ खरीद में तेजी आई तो भाव भी सुधरता गया और 1509 ने पहले 4000 रुपये प्रति क्विंटल का स्तर पार किया। जबकि बीते वर्ष इसके भाव 2875 से 3600 रुपये प्रति क्विंटल ही थे। बीते बुधवार को टोहाना मंडी में 4575 रुपये का भाव मिला और अब वीरवार को यह बढ़कर 4600 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।

टोहाना में लगातार दूसरे दिन बढ़ा रेट

टोहाना मंडी में बुधवार को 1509 की एक ढेरी 4575 रुपये प्रति क्विंटल के भाव पर बिकी थी। अगले दिन निजी खरीददारों की बोली में यह भाव बढ़कर 4600 रुपये तक पहुंच गया। वहीं फतेहाबाद मंडी में भी 1509 को 4450 रुपये प्रति क्विंटल तक का भाव मिला। मंडी में एक ही किस्म के धान की सभी ढेरियों का भाव समान नहीं रहता। नमी, दाने की चमक, सफाई, गुणवत्ता और अन्य व्यापारिक मानकों के आधार पर खरीददार अलग-अलग भाव लगाते हैं।



भूना। किसान सभा की बैठक को संबोधित करते जिला उपप्रधान रामस्वरूप ढाणी गोपाल। फोटो: हरिभूमि

धान खरीद की शर्तों को हटाने और जल्द सरकारी खरीद शुरू करने की मांग

भूना। शहीद चंद्रशेखर आजाद भवन स्थित किसान सभा कार्यालय में किसान सभा की तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान सभा के तहसील प्रधान मुंशी राम ने की। इस दौरान क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं और धान की सरकारी खरीद को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान एवं पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि मंडियों में धान की सरकारी खरीद तुरंत प्रभाव से शुरू की जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा धान खरीद पर लगाई गई विभिन्न पाबंदियों और शर्तों को तुरंत प्रभाव से हटाने की पुरजोर वकालत की गई। किसान नेता ने कहा कि सरकार द्वारा प्रति एकड़ 28 क्विंटल खरीद सीमा की लगाई गई शर्त किसानों के हित में नहीं है। सरकार को किसान के धान का एक-एक दाना खरीदना चाहिए, ताकि किसान अपनी पूरी फसल सुगमता से बेच सके।

धान की खरीद शुरू करवाने के लिए राइस मिलरों की मांग पूरी करे सरकार : शर्मा

फतेहाबाद। फतेहाबाद की मंडियों में धान की फसल आना शुरू हो चुकी है। पूरी मंडी धान की फसल ने अटी पड़ी है, लेकिन दूसरी ओर राइस मिलरों द्वारा अभी तक धान की खरीद शुरू ना करने के चलते मंडियों में किसान अपनी फसलों को लेकर परेशान हो रहे है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने कहा कि धान की फसल खरीदने वाले राइस मिलर अपनी मांगों को लेकर अभी धान खरीदने से रुके हुए। राइस मिलरों को इंतजार है कि सरकार उनकी बात सुनें तथा उनकी मांगों को पूरा किया जाए। एक ओर सरकार राइस मिलरों को भी परेशान कर रही है, वहीं दूसरी ओर मंडियों में किसान ओर आढ़ती भी परेशान हो रहे हैं। इसलिए सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द राइस मिलरों की मांगों पर संज्ञान लेते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करे ताकि मंडियों में धान की खरीद शुरू हो सके।



फतेहाबाद। भट्टू रोड स्थित अनाज मण्डी। फोटो: हरिभूमि

परचेज सेंटर पर आढ़तियों को लाइसेंस करवाना होगा रिन्यू

- 30 सितंबर को खत्म हो चुकी थी पुरानी अवधि
- कृषि विपणन बोर्ड ने छह महीने के नवीनीकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद मार्किट कमेटी के अंतर्गत पड़ने वाले परचेज सैंटरों पर धान खरीद करने वाले आढ़तियों को अब अपना लाइसेंस अगले छह महीने के लिए नवीनीकृत करवाना होगा। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नए निर्देशों के अनुसार नवीनीकरण के बाद लाइसेंस की अवधि 31 मार्च 2027 तक रहेगी। इस बार परचेज सेंटर पर खरीद का काम करने के लिए वैध लाइसेंस होना जरूरी होगा। व्यापार मंडल अनाज मंडी फतेहाबाद ने बोर्ड के निर्देशों के संबंध में मंडी के आढ़तियों को सूचना जारी की है। इसमें पुराने लाइसेंसों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत रिन्यू करवाने के लिए कहा गया है। यानी 30 सितंबर तक जिन लाइसेंसों की अवधि थी, अब उन्हें छह महीने की नई अवधि के लिए नवीनीकृत करवाना होगा।

31 मार्च के बाद वैध लाइसेंस जरूरी

बोर्ड के निर्देशों के अनुसार 31 मार्च 2027 तक नवीनीकृत किए जाने वाले लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद आगे का नवीनीकरण केवल वैध लाइसेंस के आधार पर ही किया जाएगा।

300 रुपये की फीस

लाइसेंस नवीनीकरण के लिए आढ़तियों को निर्धारित शुल्क भी जमा करना होगा। व्यापार मंडल की सूचना के अनुसार इसके लिए 300 रुपये की बैंक डिमांड ड्राफ्ट बनवानी होगी। डीडी मार्केट कमेटी फतेहाबाद के नाम से बनवाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। व्यापार मंडल ने मंडी के सभी संबंधित आढ़तियों से कहा है कि वे लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया को समय रहते पूरा करें और 31 मार्च 2027 के बाद आगे के नवीनीकरण के लिए अपने लाइसेंस को वैध बनाए रखें।

30 सितंबर तक थी पुरानी अवधि

परचेज सेंटर पर खरीद करने वाले आढ़तियों के मौजूदा लाइसेंस 30 सितंबर 2026 तक मान्य थे। यह अवधि पूरी होने के बाद अब बोर्ड के नए निर्देशों के तहत इन लाइसेंसों को अगले छह महीने के लिए रिन्यू किया जाना है। नवीनीकरण के बाद इनकी नई अवधि 1 अक्तूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक मानी जाएगी।

लाइसेंस से संबंधित प्रक्रिया हरियाणा कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1961 की धारा 10 के प्रावधानों के तहत होगी। इसका सीधा मतलब है कि परचेज सेंटर पर खरीद का काम जारी रखने वाले आढ़तियों को अपने लाइसेंस की स्थिति दुरुस्त रखनी होगी।

पशुपालकों की हड़ताल बेअसर दूध सप्लाई रही सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

दूध के रेट बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पशुपालकों की ओर से की गई हड़ताल का पहले दिन कोई असर नहीं रहा। शहर में घरों के साथ-साथ डेयरियों और दुकानों तक दूध की सप्लाई सामान्य रूप से पहुंची। हालांकि पशुपालकों ने अपनी मांगों को लेकर वीटा मिल्क प्लांट के आगे धरना दिया और सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। पशुपालकों ने दूध खरीद रेट में समानता लाने और बोनस राशि जल्द लागू करने की मांग उठाई। मांगों को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा गया। पशुपालकों की ओर से दूध की सप्लाई रोकने के आह्वान के चलते लोगों में दूध की उपलब्धता को लेकर चिंता बनी हुई थी। इसके उलट सुबह दूध विक्रेता सामान्य दिनों की तरह घरों में दूध पहुंचाते दिखाई दिए। डेयरियों पर भी दूध उपलब्ध रहा। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। पशुपालकों की ओर से तीन दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया गया था।

उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

जिले के दूध उत्पादक किसानों ने दूध खरीद रेट में समानता लाने और सरकार द्वारा घोषित बोनस राशि को जल्द लागू करवाने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि 14 सितंबर को प्रगतिशील डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन तथा विभिन्न किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों की वीटा एमडी और विभिन्न वीटा मिल्क प्लांटों के सीईओ के साथ बैठक हुई थी। किसान नेता सोनू क बोज प्रधान, गुरी ढालीवाल, पवन कुमार, जगसीर बराड़ और प्रेम सिंह ने कहा कि पूरे हरियाणा में किसानों से खरीदे जाने वाले दूध का रेट समान होना चाहिए।

शोरूम में आग लगाने के मामले में दो और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना के राम नगर क्षेत्र में एक गारमेंट्स की दुकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो और आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सागर पुत्र जोगिन्द्र सिंह निवासी पंजाबी धर्मशाला के पास, बरवाला तथा मनीष पुत्र हीराराम निवासी हिसार के रूप में हुई है। गौरतलब है कि इस मामले में पुलिस द्वारा पहले भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसके बाद अब कुल तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता बृज मोहन निवासी राम नगर, टोहाना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 16 और 17 अगस्त की दरमियानी रात को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी गारमेंट्स की दुकान पर कथित तौर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी। घटना का पता शिकायतकर्ता को अगले दिन सुबह चला।

राम नगर क्षेत्र में गारमेंट्स की दुकान में लगाई थी आग



फतेहाबाद। दुकान में आग लगाने के मामले में गिरफ्तार युवक।

रोजगार की तलाश में आए मजदूर की मौत

- शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी के दौरान धक्का लगने से सिर में गंभीर चोट लग गई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

रोजगार की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर दूर हरियाणा आए एक बेबस पिता की जब टोहाना के श्मशान घाट में अंतिम विदाई दी जा रही थी, तब बिहार स्थित उनके घर में मौजूद परिजन और दूर-दराज शहरों में काम कर रहे बच्चे मोबाइल स्क्रीन के जरिए इस बेहद दुखद पल के साक्षी बने। बीते 28 सितंबर को टोहाना में हुई हत्या के शिकार 51 वर्षीय किशन लाल शर्मा का शव जब पंचतत्व में विलीन हुआ, तो माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। जानकारी देते हुए जांच अधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि मूल रूप से बिहार के पूर्णिया जिले के गांव चरलुवा निवासी किशन लाल शर्मा मजदूरी के सिलसिले में महज 10 दिन पहले ही टोहाना आए थे। 28 सितंबर को किसी बात को लेकर बिहार के ही मधुबनी जिले के गांव ढंगराहा निवासी ओमप्रकाश के साथ उनकी कहासुनी हो गई। कहासुनी के दौरान सिर में गंभीर चोट लगने से किशन लाल की मौत हो गई। घटना के बाद चंडीगढ़ रोड चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।



फतेहाबाद। मोबाइल स्क्रीन पर अंतिम संस्कार को देखते मृतक के परिजन।

आरोपी गिरफ्तार

राजनगर में किराए के कमरे में किशनलाल का शव मिलने के मामले में पुलिस ने ओमप्रकाश राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों शराब पी रहे थे। कहासुनी के दौरान आरोपी ने किशनलाल को धक्का दिया, जिससे सिर दीवार से टकराने पर गंभीर चोट लगी और अगले दिन उसकी मौत हो गई।

विषम परिस्थितियों में पुलिस बनी सहारा

मृतक की पत्नी अनीता देवी का निधन 15 वर्ष पूर्व ही हो चुका था। उनके परिवार में बुजुर्ग मां लुखीया देवी बिहार में, बेटा रोहित पुणे में तथा बेटी अन्नू गुरुग्राम में रहती है। अचानक हुई इस वारदात और अलग-अलग राज्यों में होने के कारण परिजनों का तुरंत टोहाना पहुंचना संभव नहीं था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच अधिकारी मंजीत सिंह ने परिजनों व गांव के मुखिया से संपर्क साधा और पुलिस की मौजूदगी में वीडियो कॉल के माध्यम से परिजनों को जोड़ा।

सीएम विंडो पर आई 23 शिकायतों की सुनवाई



सिरसा। सीएम विंडो समाधान शिविर में शिकायतकर्ता की समस्या सुनते एमिनेंट पर्सन।

हरिभूमि न्यूज ⏭रानियां

सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों के समाधान को लेकर वीरवार को रानियां के किसान विश्राम गृह में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन पिंचू कालड़ा, अविनाश कंबोज और एडवोकेट प्रकाश वीर ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करवाई। शिविर में करीब 23 शिकायतों की सुनवाई की गई। शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही चर्चा की गई। इनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

मौसम 5 अक्टूबर तक मौसम परिवर्तनशील, सुबह-शाम गुलाबी ठंड और रात के तापमान में गिरावट के आसार

24 घंटे में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी, दिन में गर्मी का असर बढ़ा

- अगले कुछ दिनों में फतेहाबाद में बारिश की संभावना कम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद में मौसम का मिजाज इन दिनों धीरे-धीरे बदल रहा है। दिन में जहां धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ने लगा है, वहीं सुबह और शाम के समय हल्की ठंड महसूस होने लगी है। पिछले 24 घंटे में दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वीरवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 24 घंटे की तुलना में अधिकतम तापमान में करीब 2 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। मौसम साफ रहने और आसमान में बादल कम रहने के कारण दिन के समय धूप का असर बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बारिश के कोई बड़े संकेत नहीं हैं। ऐसे में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी का क्रम जारी रहने की संभावना है। हालांकि सुबह और शाम के समय तापमान अपेक्षाकृत कम रहने से हल्की ठंड का एहसास बना रहेगा। मालूम हो कि बुधवार को यहां का अधिकतम तापमान 34 डिग्री था।



फतेहाबाद। शाम को सुहावना हुआ मौसम। फोटो: हरिभूमि

किसानों के लिए भी बदला मौसम महत्वपूर्ण

मौसम में बदलाव का असर कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के साथ धूप तेज रहने की संभावना है, जबकि रात के तापमान में गिरावट से सुबह के समय ठंडक बढ़ेगी। ऐसे में किसानों को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखने की सलाह दी गई है। विशेषकर खरीफ फसलों की कटाई और मंडियों में फसल की आवक के दौरान मौसम की स्थिति महत्वपूर्ण रहेगी। कुल मिलाकर अगले कुछ दिनों में फतेहाबाद में बारिश की संभावना कम और मौसम के खुश्क रहने के आसार हैं। दिन में तापमान बढ़ने से गर्मी का असर बना रहेगा, जबकि सुबह-शाम हल्की ठंड और रात में तापमान में मामूली गिरावट का दौर जारी रह सकता है।

मौसम खुश्क रहने की संभावना

कृषि मौसम विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के अनुसार हरियाणा में हवाओं की दिशा उत्तर-पूर्वी से उत्तर-पश्चिमी होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 5 अक्टूबर तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील, लेकिन खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान बीच-बीच में हल्के बादल छाने तथा हल्की से मध्यम गति की हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके विपरीत सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का प्रभाव बना रहेगा। रात के तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना जताई गई है। यानी आने वाले दिनों में दिन और रात के मौसम में अंतर और अधिक महसूस हो सकता है।

अधिकतम तापमान 36 डिग्री पर पहुंचा

फतेहाबाद में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने से दोपहर के समय गर्मी का असर बढ़ गया है। तेज धूप के दौरान लोगों को गर्मी महसूस हो रही है, जबकि सुबह और शाम का मौसम सुहाना बना हुआ है। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने से रात और अलसुबह हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। मौसम के इस बदलाव के साथ लोगों को दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड दोनों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार फिलहाल किसी बड़े मौसमी बदलाव या बारिश के आसार नहीं हैं। अगले कुछ दिनों तक इसी तरह मौसम परिवर्तनशील और मुख्य रूप से खुश्क रहने की संभावना है।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

खबर संक्षेप

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर किया पौधरोपण

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। प्रतिभागियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। विभाग की ओर से कहा गया कि स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण स्वस्थ एवं सतत भविष्य की आधारशिला है। पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

भागवत कथा में श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे

रानियां। रानियां में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आ रहे हैं। प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित शिव चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि मनुष्य को भक्ति, सदाचार और संस्कारों की राह दिखाने वाली अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि सत्संग और कथा श्रवण से मन को शांति मिलती है तथा व्यक्ति को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र के नए भवन का शुभारंभ

ओढां। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ओढ़ा स्थित सेवा केंद्र के नवनिर्मित भव्य भवन का वीरवार को उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय, माउंट आबू राजस्थान से आई वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका डॉ. उषा दीदी का सद्भावना भवन सिरसा की संचालिका प्रीति दीदी, बीके सुभाष, ओढ़ा की संचालिका मनोज बहन, डॉ. राजपाल वर्मा, प्रो. अविनाश कुमार सहित सभी उपस्थितजनों ने स्वागत किया। डॉ. उषा दीदी ने वैदिक रीति और ईश्वरीय स्मृतियों के बीच रिबन काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। डॉ. उषा दीदी ने कहा कि यह नया भवन केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि आत्माओं को परमात्मा से जोडने और मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का एक पावन लाइट हाउस बनेगा।

प्राचीन हनुमान मंदिर से दो दानपात्र चोरी

सिरसा। शहर के घंटा घर चौक के पास स्थित प्राचीन सिद्ध हनुमान मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ चोर मंदिर से दो दानपात्र चुराकर ले गए, जिसमें लगभग बीस हजार रपये की नगदी थी। घटना के संबंध में नोहरिया बाजार निवासी मयंक गौतम ने शहर थाना में शिकायत दी है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने और चोरी किया गया सामान व नगदी बरामद कराने की मांग की है। मयंक गौतम ने बताया कि रात्रि को वह रोजाना की भांति पूजा-पाठ के बाद मंदिर के गेट को ताला लगाकर घर चला गया।

आईटीआई शिविर में 154 की स्वास्थ्य जांच

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिरड़ाना में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिरड़ाना से डॉ. अमनदीप सिंह के नेतृत्व में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिरड़ाना में कार्यरत कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं व गांव भिरड़ाना के नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें एक्स-रे, रक्त जांच व स्वास्थय संबंधी अन्य प्रकार के टैस्ट किए गए। जांच उपरांत जरुरत अनुसार दवाईयां भी वितरित की गई। इस शिविर में 154 कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं व गांव भिरडाना के नागरिकों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक

ग्रामीण पेयजल सप्लाई पंचायतों को सौंपने की तैयारी का कर्मचारियों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन, शाखा जन स्वास्थ्य मंडल फतेहाबाद की बैठक जल घर स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने की। बैठक के दौरान कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चर्चा की गई तथा आगामी आंदोलनात्मक रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए शाखा प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने बताया कि यूनियन का 16वां त्रिवार्षिक प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं चुनाव आगामी 5 अक्टूबर को ऋषि गार्डन, सोनीपत में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के मंच से हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और वादाखिलाफी के खिलाफ एक बड़े राज्यव्यापी आंदोलन की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यूनियन के चेयरमैन ईश्वर बागड़ी एवं सचिव राणा पंवार ने हरियाणा सरकार द्वारा जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की ग्रामीण पेयजल सप्लाई और जलघरों को पंचायतों के अधीन करने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम पेयजल व्यवस्था को निजीकरण की ओर धकेलने की साजिश है, जिसका कड़ा विरोध किया जाएगा। यूनियन ने सरकार के समक्ष कर्मचारियों की मांगों को तुरंत पूरा करने की चेतावनी दी।



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के प्रधान धर्मपाल दरियापुर। *फोटो: हरिभूमि*

कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए

उन्होंने मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को 15 अगस्त 2024 तक की घोषणा के अनुसार जॉब सुरक्षा की गारंटी दी जाए और 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके लगभग 1500 कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए। एचकेआरएन की शर्त पर लगे पोर्टल कर्मचारियों को भी एक्सग्रेशिया नीति के तहत नौकरी दी जाए। बकाया एलटीसी का तुरंत भुगतान हो। इस बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष महावीर सिंह, बलजिन्द्र सिंह वरिष्ठ उपप्रधान, संजीव उप कोषाध्यक्ष, सुभाष सलाहाकार, जोगिन्द्र सिंह, मुकेश, संजय, नारायण सिंह, सोनू पंवार, सतबीर, रोहताश, वकील, अभय, बलवंत, अमित, चिराग, महावीर, अजीत सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज डायरी



बिना सीएलयू के बनाए गए निर्माण पर चला पीला पंजा

भूना। कंट्रोल्ड एरिया में बिना सीएलयू के किए जा रहे निर्माण के खिलाफ जिला नगर योजनाकार विभाग ने कार्रवाई करते हुए भुना-ढाणी सांचला रोड पर बनाए गए एक स्ट्रक्चर को हटवा दिया। विभाग की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार भूना-ढाणी सांचला रोड कंट्रोल्ड एरिया के अंतर्गत आता है। यहां बिना आवश्यक सीएलयू स्वीकृति के एक स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया था। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से कार्रवाई की गई। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित निर्माण को हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार करमवीर झाझड़िया के नेतृत्व में टीम मौजूद रही। कार्रवाई के लिए इयूटी मजिस्ट्रेट एवं डीएचबीवीएनएल के एसडीओ रविंद्र कुमार को नियुक्त किया गया था। इसके अलावा फील्ड इंस्पेक्टर पुष्पा और जेई संदीप कुमार भी टीम में शामिल रहे। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान एनफोर्समेंट ब्यूरो विंग की पुलिस फोर्स, फतेहाबाद भी मौके पर तैनात रही। पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग ने कार्रवाई को अंजाम दिया, ताकि मौके पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।



एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

फतेहाबाद। सेवा संकल्प अभियान के तहत एमएम कॉलेज में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सफल संयोजन एनएसएस ब्वॉयज इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी तथा गल्र्स इंचार्ज प्रो. प्रतिभा मखीजा की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की, जबकि जिला रेडक्रॉस सोसायटी से सुनील भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें इस महान कार्य के लिए प्रेरित किया। एनएसएस इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचाई जाती है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

पांच शूटरों ने नेशनल के लिए किया क्वालिफाई



सिरसा। मोहाली में आयोजित ऑल इंडिया जीवी मावलंकर चैंपियनशिप में सिरसा के ईगल आई शूटिंग रेंज की मात्र 11 वर्षीय शूटर रवजोत के साथ-साथ रवीश, पंकज, लक्ष्य, मलिक ने भी नेशनल के लिए क्वालिफाई कर जिले व एकेडमी के साथ-साथ अभिभावकों का भी नाम रोशन किया है। कोच गुरविंद्र सिंह व जगमिंद्र सिंह ने नेशनल के लिए क्वालीफाई करने वाले सभी शूटरों को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी, वहीं शूटर श्रेया ने भी इस प्रतियोगिता में 3 रजत पदक जीतकर अपनी निशानेबाजी का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागी शूटिंग के प्रति समर्पित हैं और काफी समय से अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। कोच ने बताया कि इससे पहले भी जर्मनी विश्वकप में ईगल आई शूटिंग रेंज के निशानेबाज अपने शानदार निशाने की बदौलत टीम इंडिया में खेलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 5 को

फतेहाबाद। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में 5 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार एवं प्लेसमेंट के अवसर प्रदान किए जाएंगे। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न शैक्षणिक योग्यताओं एवं आईटीआई ट्रेडों के अनुसार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। रोजगार मेले में टोयोत्सु ऑटोमोटिव सेफ्टी कंपोनेंट्स इंडिया, एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड स्वराज, पेरालॉफ्ट ट्रेडिंग कंपनी, एल्प्लेक्स सोलर लिमिटेड मथुरा तथा यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड नोएडा जैसी कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में उपलब्ध पदों पर 8000 रुपये से 23350 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा।

5 अक्टूबर को रतिया में निकलेगा रोष मार्च

रतिया। जेलों में अपनी सजा पूरी कर चुके बंदी सिंहों की रिहाई की मांग को लेकर रतिया की सिख संगत द्वारा 5 अक्टूबर को शहर में शांतिपूर्ण पैदल रोष मार्च निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों और आगामी रूपरेखा को लेकर गुरुद्वारा साहिब में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों सहित विभिन्न सिख संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान 5 अक्टूबर को होने वाले रोष मार्च की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान एक कमेटी का गठन भी किया गया, जो अलग-अलग रूटों पर जाकर आसपास के गांवों में स्थित गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधक कमेटियों और सिख संगत से संपर्क कर रोष मार्च में शामिल होने की अपील करेगी।

एसडीएम ने सरल केंद्र का किया निरीक्षण

रतिया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को रतिया स्थित सरल केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं, कार्यप्रणाली तथा लंबित आवेदनों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से सेवाओं के लिए आने वाले नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरल केंद्र में आने वाले नागरिकों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्र में साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

फाइनल में पहुंची टीम इंडिया तो संत नगर में छाई खुशी, स्वर्ण पदक की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

■ राजेंद्र सिंह के भारतीय टीम का हिस्सा होने से गांव में बढ़ा उत्साह

एशियन गेम्स के हॉकी सेमीफाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया तो रानियां क्षेत्र के गांव संत नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव के युवा मिडफील्डर राजेंद्र सिंह भारतीय टीम का हिस्सा हैं और पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में भी मैदान पर उतरे। टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने से संत नगर सहित पूरे क्षेत्र के खेल प्रेमियों की स्वर्ण पदक की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं। राजेंद्र सिंह के एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में चयन के बाद से ही संत नगर के ग्रामीणों की निगाहें उनके प्रदर्शन पर टिकी हैं। विश्व कप के बाद लगातार दूसरी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम में जगह बनाना राजेंद्र की उपलब्धि को और खास बनाता है। अब फाइनल में पहुंचने के बाद गांव में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों को उम्मीद है कि राजेंद्र भारतीय टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर लौटेंगे। राजेंद्र सिंह की सफलता में उनके शुरुआती कोच हरविंदर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हॉकी का सफर शुरू करने के समय से ही उन्होंने राजेंद्र को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया। हरविंदर सिंह ने उनकी सफलता को वर्षों की मेहनत, अनुशासन, मानसिक दृढ़ता और खेल की बेहतर समझ का परिणाम बताते हुए उम्मीद जताई कि भारतीय टीम फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतेगी।

सद्गुरु कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया

फतेहाबाद। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से जिला नागरिक अस्पताल के सहयोग से वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सद्गुरु कृपा अपना घर वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बढ़ती उम्र के साथ होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ों के दर्द, हृदय रोग और नजर की कमजोरी का समय रहते पता लगाना और उनका उचित उपचार सुनिश्चित करना था।

■ वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शिविर आयोजित

शिविर का शुभारंभ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण डॉ सुयशा जावा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि बढ़ती उम्र में बुजुर्गों को विशेष देखभाल और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता होती है। समय पर जांच होने से गंभीर बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान सीजेएम ने वरिष्ठ नागरिकों को फल वितरित किए और विशेषज्ञों की टीम द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 50 से अधिक बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

रोडवेज वर्कर्स यूनियन के चुनाव में सर्वसम्मति से राजकुमार बीघड़ बने प्रधान



फतेहाबाद। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के फतेहाबाद डिपो का 18वां चुनाव कार्यक्रम सर्वसम्मति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के दौरान डिपो के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और सर्वसम्मति से नई डिपो कमेटी का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया सर्व कर्मचारी संघ फतेहाबाद के जिला प्रधान सुरजीत दुसाद, ब्लॉक प्रधान राजपाल मित्ताथल, राज्य महासचिव सुमेर सिवाच एवं राज्य सचिव सूबे सिंह धनाना की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सूबे सिंह धनाना को मुख्य सलाहकार, कुलदीप मलिक को चेयरमैन, राजकुमार बीघड़ को प्रधान, सुरेश फौजी को वरिष्ठ उपप्रधान, राजेश पेटवाड़ को उपप्रधान, विरेन्द्र कुलेरी को सचिव, कृष्ण फौजी को सह सचिव, जोगिंद्र रेडू को कैशियर, जितेन्द्र यादव को सह कैशियर, इंद्रपाल सहारण को संगठन सचिव, अरुण कुमार को कार्य सचिव, जोगिंद्र सोनी को प्रेस सचिव तथा सुनील लाधड़ी को ऑडिटर चुना गया। नवनिर्वाचित प्रधान राजकुमार बीघड़ ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई कमेटी कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहेगी।

साइबर सेल ने 14 गुम हुए मोबाइल किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर थाना फतेहाबाद ने आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विभिन्न शिकायतों में गुम हुए 14 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। साइबर पुलिस की इस त्वरित और सटीक कार्रवाई से अपने खोए हुए फोन वापस पाकर मोबाइल धारकों के चेहरों पर फिर से खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने स्वयं सभी बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। अपना खोया हुआ फोन वापस मिलने पर नागरिकों ने फतेहाबाद पुलिस का दिल से आभार व्यक्त किया तथा साइबर थाना टीम की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता की जमकर सराहना की।साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व



में गठित टीम ने आईएमईआई ट्रैकिंग, डिजिटल सर्विलांस तथा तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से इन गुम मोबाइल फोन का पता लगाया। प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए टीम ने विभिन्न स्थानों से मोबाइल रिकवर किए और विधिवत पहचान प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें सुरक्षित सौंप दिया। फोन वापस पाने वालों में सोनु इंद्रा कॉलोनी, टोहाना, अजय कुमार फतेहाबाद, भूपेन्द्र सिंह जाखल मंडी, राममूर्ति पालसर, कृष्ण भिवानी, ज्योति रतिया, राकेश कुमार नहर कॉलोनी, टोहाना, राजेन्द्र गोरखपुर, बंटी कुमार रतिया, सोनु कुमार भोड़िया खेड़ा, निशु टोहाना आदि शामिल रहे।

मेगा हेल्थ कैंप में 361 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौटाला में विशाल मेगा हेल्थ चेकअप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं देते हुए आमजन की जांच की और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार तथा उप सिविल सर्जन डॉ. राजेश चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गिरी तथा डॉ. अश्विनी भी मौजूद रहे। शिविर में कुल 361 नागरिकों की जांच की गई। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरव अरोड़ा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शैली, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाशदीप बंसल, फिजिशियन डॉ. गगनदीप, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सूरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव छाबड़ा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. विनोद जांगड़ा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम, नशा मुक्ति विभाग से डॉ. हरसिमरन सिंह, काउंसलर सीताराम, डाटा मैनेजर सन्नी, नेत्र रोग विभाग से राहुल शर्मा तथा टीबी रोग विभाग की एक्स-रे एनजीओ टीम सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौटाला के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने सेवाएं दीं।



101 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर के दौरान आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 101 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा दूसरों का जीवन बचाने के लिए नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ब्लॉक आशा कोऑर्डिनेटर तथा सभी आशा वर्कर्रों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। आशा कार्यकर्ताओं ने शिविर में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं, विभिन्न जांचों तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में 37वां महा निर्वाण दिवस एवं वार्षिक भंडारा 7 अक्टूबर से

फतेहाबाद। फतेहाबाद के श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर में श्री श्री 108 ब्रह्मलीन स्वामी ध्यानानंद जी महाराज के 37वें महा-निर्वाण दिवस के पावन अवसर पर दो दिवसीय वार्षिक भंडारे एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन आगामी 7 और 8 अक्टूबर को बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ किया जा रहा है। महा-निर्वाण दिवस को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां बड़े स्तर पर जोरों-शोरों से जारी हैं। दो दिवसीय धार्मिक समागम की शुरुआत 7 अक्टूबर, बुधवार की शाम सात बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित होने वाली भव्य भजन संध्या, सत्संग एवं संकीर्तन से होगी। 8 अक्टूबर को संत विचार सेवानंद की अध्यक्षता में विभिन्न आध्यात्मिक अनुष्ठानों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समागम के दौरान श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम मंदिर के वरिष्ठ संत स्वामी ध्यान प्रेमानंद जी महाराज और स्वामी विज्ञान प्रेमानंद जी सहित देश भर से पधारे दर्जनों साधु-साध्वी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे। सेवादार सुदर्शन नरूला ने बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह सवा पांच बजे श्री गुरु महाराज जी की पावन आरती से दिन की शुरुआत होगी। इसके पश्चात सुबह साढ़े 6 बजे से 8 बजे तक योगाचार्य संजीव के संचालन में विशेष योग, ध्यान और सिमरन शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें योगाभ्यास के माध्यम से मन की एकाग्रता तथा आत्म चिंतन का संदेश दिया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए श्रद्धालुओं को पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य रहेगा। तत्पश्चात सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक दरबार-ए-नंगली के पूज्य संतों द्वारा सत्संग, उपदेश और भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा।

श्री योग अनुभव मंदिर में मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



भक्तों की भावना पूर्ण करने के लिए अवतार लेते हैं भगवान : शांत योगानंद

फतेहाबाद। श्री योग अनुभव मंदिर सेवा समिति द्वारा पितृ पक्ष में आयोजित श्री मद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्म एवं नन्दोत्सव मनाया गया। कथा व्यास साध्वी शांत योगानंद ने बताया कि शास्त्रों में भगवान के अवतार का उद्देश्य धर्म की स्थापना और अधर्म तथा दुष्टों का विनाश बताया गया है परंतु यदि गहराई से विचार किया जाए तो भगवान का वास्तविक अवतार अपने सान्निध्य का सुख देने और भक्तों की भावना पूर्ण करने के लिए होता है। भक्त जब भगवान को पुकारते हैं तो भगवान उनकी रक्षा के लिए दौड़े चले आते हैं। साध्वी शांत योगानंद ने बताया कि भौतिक सुखों से कहीं बढकर भगवान की कथा और सत्संग का महत्व है। कृष्ण जन्म के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए साध्वी शांत योगानंद ने कहा कि मथुरा के राजा कंस ने अपनी बहन देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया। कंस द्वारा देवकी के छः पुत्रों का वध करने के बाद सातवें गर्भ में शेषनाग के अवतार बलराम जी का प्राकट्य हुआ। भाद्रपद मास की कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र में आठवीं संतान के रूप में भगवान श्री कृष्ण का प्रादुर्भाव हुआ। पहरेदार सो गये, बेडिय़ां स्वतः खुल गई। वासुदेव जी ने यमुना नदी पार कर नन्हें कृष्ण को नंदबाबा और यशोदा मैया के घर पहुंचा दिया।

जागरूकता सरकार के साथ परिवार और समाज को भी निभानी होगी जिम्मेदारी

बाल्यावस्था से बच्चों को खेल व संस्कारों से जोड़ें

खेल के मैदान भरेंगे तो नशे के ठेके खाली होंगे : स्वामी प्रेमानंद पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा मुक्त भारत केवल नारा नहीं, बल्कि आज की सबसे बड़ी जरूरत है। देश को नशा मुक्त बनाना है तो शुरुआत हर घर और हर परिवार से करनी होगी। यह बात श्री अद्वैत स्वरूप विचार आश्रम फतेहाबाद के स्वामी प्रेमानंद पुरी ने नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज शहरों से लेकर गांवों तक युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। कोई युवा नशे की शुरुआत शौक से नहीं करता। कई बार दोस्ती का दबाव, बेरोजगारी, पारिवारिक तनाव या परेशानियां उसे नशे की ओर धकेल देती हैं। शुरुआत में नशा समस्या से बचने का रास्ता लगता है, लेकिन धीरे-धीरे यही आदत जिंदगी को बर्बादी की ओर ले जाती है।

नशा पूरे परिवार को करता है प्रभावित



स्वामी प्रेमानंद पुरी ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा, एक नशा करने वाला व्यक्ति केवल अपना भविष्य खराब नहीं करता, बल्कि उसके साथ उसके माता-पिता के सपने और बच्चों का भविष्य भी प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ सरकार और प्रशासन की कार्रवाई जरूरी है, लेकिन केवल सरकारी प्रयासों से यह समस्या खत्म नहीं होगी। सरकार नशा तस्करों पर कार्रवाई कर सकती है और कानून लागू कर सकती है, लेकिन हर घर में जाकर बच्चों को सही दिशा देने की जिम्मेदारी परिवार को ही निभानी होगी। उन्होंने कहा कि देश तभी नशा मुक्त होगा, जब हर गांव और हर मोहल्ला नशा मुक्त होगा और गांव तभी नशा मुक्त होगा, जब परिवार जागरूक होंगे। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें खेलों से जोडना होगा। कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती जैसे खेलों को बढ़ावा देकर युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

नशे से स्वयं दूर रहने का संकल्प लें

स्वामी प्रेमानंद पुरी ने कहा कि जिस गांव में शाम के समय खेल के मैदान युवाओं से भरे होंगे, वहां नशे के लिए जगह कम होगी। धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से भी बच्चों और युवाओं को संस्कारों से जोडने की जरूरत है। बाल्यावस्था से ही बच्चों को अच्छे संस्कार, जीवन मूल्यों और अनुशासन का महत्व समझाना होगा। प्रेमानंद पुरी ने कहा कि परिवार, स्कूल, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को मिलकर ऐसा वातावरण तैयार करना होगा, जिसमें युवाओं को नशे के बजाय शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों की ओर बढने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वाला व्यक्ति एक बार नशा बेचकर चला जाता है, लेकिन नशे की गिरफ्त में आने वाला व्यक्ति पूरी जिंदगी इसकी कीमत चुकाता है। इसलिए हर नागरिक को संकल्प लेना चाहिए कि वह स्वयं नशे से दूर रहेगा और दूसरों को भी नशे से बचाने के लिए जागरूक करेगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त परिवार ही नशा मुक्त समाज और नशा मुक्त भारत की मजबूत नींव रख सकता है।

खबर संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

डबवाली। पुलिस ने नाबालिगा के अपहरण एवं दुष्कर्म मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महिला थाना डबवाली में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें पीड़िता द्वारा आरोप लगाया गया कि आरोपियों द्वारा उसका अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अभियोग दर्जकर विशेष टीम का गठन किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मशरूम प्रशिक्षण का दस दिवसीय शिविर संपन्न

सिरसा। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में आयोजित दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट निदेशक जितेश कंबोज ने देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्रीमत सिटी सेंटर में ब्लड डोनेशन कैंप आज

सिरसा। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में आगामी दो अक्टूबर को डबवाली रोड स्थित सिटी सेंटर परिसर में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। तेरापंथ युवक परिषद सिरसा के जिला प्रधान दीपक जैन ने बताया कि श्रीमत सिटी सेंटर के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस कैंप में रक्तदानियों को आशीर्वाद देने महासाध्वी श्री श्रुति जी म आदि ठाणे-5 पहुंचेंगी और मंगल उद्बोधन करेंगी। ब्लड कैंप का समय सुबह 9 बजे से सायं 3 बजे तक रहेगा। श्रीमत सिटी सेंटर के डायरेक्टर माधव जैन ने बताया कि ब्लड कैंप के आयोजन की व्यापक तैयारियां की गई है।

टेट परीक्षा से छंटनी नहीं चलेगी: मदन लाल खोथ

सिरसा। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मदन लाल खोथ ने कहा कि देश और प्रदेश के कर्मचारियों के सामने आज रोजगार, वेतन, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और सार्वजनिक सेवाओं की रक्षा की गंभीर चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि नवउदारीकरण की नीतियों के चलते सरकारी विभागों में नियमित रोजगार की जगह गेस्ट, एचकेआरएन, ठेका प्रथा, आउटसोर्सिंग, टर्म अपॉइंटमेंट पर युवाओं को रखा जा रहा है।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कार्यक्रम आज, 23 जनवरी तक विभिन्न मुद्दों पर चलेगा अभियान

गांधी-शास्त्री जयंती पर जागो संस्था शुरू करेगी व्यवस्था परिवर्तन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जागो संस्था की ओर से 2 अक्टूबर से व्यवस्था परिवर्तन अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान की शुरुआत पीडब्ल्यूडी के पुराने रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम से होगी। संस्था के अनुसार यह अभियान 23 जनवरी तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर संस्था की बैठक प्रधान देवेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 2 अक्टूबर से अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों को लेकर चर्चा करना तथा व्यवस्था में सुधार के लिए अपनी मांगों को सामने रखना है।

लाल बहादुर शास्त्री के कार्यों और आदर्शों का किया उल्लेख: संस्था के प्रधान देवेंद्र सिंह दहिया ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यों और उनके आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शास्त्री के कार्यकाल में देश ने अनेक महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना किया। उनके अनुसार शास्त्री के आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर देश में बेहतर व्यवस्था के लिए प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े कई मुद्दों को चिह्नित किया गया है। इन्हीं विषयों को अभियान के दौरान लोगों के सामने रखा जाएगा और उन पर चर्चा की जाएगी।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते जागो संस्था के सदस्य।

चुनाव और प्रशासनिक व्यवस्था में हो बदलाव

संस्था की ओर से जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए तीन से अधिक बच्चे होने की स्थिति में नागरिकता समाप्त करने जैसी व्यवस्था लागू करने की मांग रखी गई है। भ्रष्टाचार के मामलों में दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड और संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान किए जाने की मांग भी संस्था ने की है। इसके साथ ही सरकारी कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। चुनाव व्यवस्था में बदलाव की मांग करते हुए संस्था ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री समेत प्रमुख पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू करने की मांग रखी है। संस्था का कहना है इससे देश को मजबूती मिलेगी।

सामाजिक मुद्दों और अवैध घुसपैठ पर चर्चा

जागो संस्था ने सामाजिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को भी अपने अभियान में शामिल किया है। संस्था की ओर से लिव-इन रिलेशन व्यवस्था को निरस्त करने, बिना व्यभिचार सिद्ध हुए विवाह विच्छेद पर रोक लगाने और बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग रखी गई है। इसके अलावा संस्था ने एक देश-एक विधान की व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई है। अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर संस्था ने कठोर कार्रवाई की मांग की है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ उन्हें शरण देने वालों के खिलाफ भी सख्त प्रावधान होने चाहिए।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

फतेहाबाद। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर एकलव्य सदन द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, सादगी, कर्त्तव्यनिष्ठा और स्वच्छता जैसे जीवन-मूल्यों का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण कविता 'सत्य की राह पर चलें' ने वातावरण को प्रेरणामय बना दिया। कविता के माध्यम से सत्य एवं सदाचार के मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढने का संदेश दिया गया। इसके पश्चात छात्रा पलकिन ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत करते हुए महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्वच्छता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। प्रस्तुति ने यह संदेश सशक्त रूप से स्थापित किया कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है।

■ विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया



फतेहाबाद। गांधी जयंती पर क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

क्रेसंट स्कूल में गांधी जयंती पर प्रार्थना सभा

विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा व देशसेवा का महत्व समझाया

फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रेरणादायक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्षों तथा सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों से परिचित करवाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन एवं विचारों से संबंधित विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। गुरनूर ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत करते हुए वातावरण को भक्तिमय बनाया। इसके पश्चात दिवांशी, देविक और पंशुल द्वारा प्रस्तुत 'आप वह बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं' तथा 'स्वयं को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप दूसरों की सेवा में स्वयं को समर्पित कर दें' जैसे प्रेरणादायक विचारों ने विद्यार्थियों को निःस्वार्थ सेवा एवं मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांधी जी के संदेशों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, सादगी और दूसरों की सेवा के महत्व को समझाया। इस अवसर पर लेक्सी ने अपने प्रभावपूर्ण व्याख्यान के द्वारा सबको प्रेरित किया। कृतिका ने गांधी जयंती से संबंधित प्रश्न प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में योगदान दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों को जाना। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्चा सम्मान है।

■ गुरनूर ने भावपूर्ण कविता प्रस्तुत कर मन मोह लिया

उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश

गांधी जयंती पर आयोजित होंगी ग्राम सभाएं, ग्रामीणों से लिए जाएंगे सुझाव

फतेहाबाद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर वर्ष 2026-27 की ग्राम पंचायत विकास योजना का खाका तैयार होगा। इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना और विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि विशेष ग्राम सभाओं में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मित्रों, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को जोडक़र ठोस कचरा प्रबंधन की रणनीति बनेगी। वहीं, जल अर्पण अभियान के तहत पेयजल आपूर्ति, हर घर जल व्यवस्था और अमृत सरोवरों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। जलभराव व निकासी की समस्याओं पर भी ग्रामीण अपनी बात रख सकेंगे। डीसी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सभाओं में गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने पर चर्चा होगी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके अलावा, नागरिक संसाधन सूचना विभाग के माध्यम से परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज आय, पारिवारिक विवरण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का मौके पर ही सत्यापन किया जाएगा। यह भी स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत संरक्षक योजना के तहत नियुक्त अधिकारी अपनी-अपनी पंचायतों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

■ सभाओं में गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने पर चर्चा होगी और सर्वसम्मति से प्रस्ताव जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी

भाषण, गीत और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति व सद्भावना का संदेश



फतेहाबाद। गांधी विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ गांधी विद्या मंदिर स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

सेक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा नौवीं की छात्राओं वर्षा और रितिका ने मंच संचालन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। कक्षा आठवीं की सृष्टि व कशिश तथा कक्षा दसवीं की रुचिका ने भाषण के माध्यम से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं प्रेरणादायक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया तथा उपस्थितजनों ने विद्यार्थियों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रसेवा से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मीडिया की आधुनिक तकनीकों पर सिरसा विवि में कार्यशाला आयोजित



सिरसा। विद्यार्थियों को मीडिया की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ विद्यार्थियों को बदलते मीडिया परिदृश्य के करवाया रूबरू

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आधुनिक मीडिया तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एआई फिल्म मेकिंग एंड पॉडकास्टिंग विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह बाजवा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बदलते मीडिया परिदृश्य के अनुरूप एआई आधारित रचनात्मक एवं व्यवहारिक कौशल प्रदान करना था, ताकि वे पत्रकारिता, प्रसारण और डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए गुणवत्तापूर्ण ऑडियो-विजुअल सामग्री तैयार कर सकें। कार्यशाला में विशेषज्ञ व्याख्यान, लाइव डेमोंस्ट्रेशन, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और प्रोजेक्ट आधारित अभ्यास करवाया गया। विभाग के पूर्व छात्र पवन भार्गव ने कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने एआई की मदद से स्क्रिप्ट लेखन, स्टोरीबोर्ड, इमेज एवं वीडियो निर्माण, वॉयस सिंथेसिस, एडिटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, विजुअल इफेक्ट्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के साथ-साथ पॉडकास्ट के लिए शोध, स्क्रिप्टिंग, इंटरव्यू, वॉयस रिकॉर्डिंग, ऑडियो एन्हांसमेंट, साउंड डिजाइन और पब्लिशिंग की बारीकियां को सीखा। विद्यार्थियों को अपना लघु फिल्म और पॉडकास्ट प्रोजेक्ट तैयार करने का अवसर भी दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान: मातृ-शिशु स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता: यतीद्र



चोपटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सिरसा जिला के गांव नाथूसरी कला में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, कुपोषण के विरुद्ध जनभागीदारी को मजबूत करने तथा समाज में नारी शक्ति और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मानित करना रहा। इस दौरान पांच गर्भवती माताओं की पारंपरिक गोद भराई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती माताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ मातृत्व एवं शिशु के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही अन्य उपस्थित माताओं एवं बच्चों को नियमित रूप से वितरित किए जाने वाले पौष्टिक आहार का वितरण किया गया तथा संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

वॉलीबॉल चैंपियनशिप में चौधरी केआरएम कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

चोपटा। चौधरी केआरएम मेमोरियल महिला डिग्री कॉलेज जमाल की वॉलीबॉल टीम ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की ओर से ममता, उपेक्षा, रचना, अंजू, सिमरन, अंजलि, साक्षी, मनीषा, निशा तथा रितु ने भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण लाल गुप्ता, प्रधान राजेश कुमार तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने वॉलीबॉल टीम की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देते हैं। टीम की इस सफलता से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

■ प्राचार्य डॉ. कृष्ण लाल गुप्ता ने टीम को बधाई दी



योग प्रतियोगिता में संस्कार योग केंद्र के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



सिरसा। भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित इंटर-सेंटर योग प्रतियोगिता में योगा नर्सरी संत कबीर इंटरनेशनल स्कूल नाथूसरी चौपटा तथा संस्कार योग केंद्र कागदाना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अनेक प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। ट्रेडिशनल इवेंट में 8-14 वर्ष गर्ल्ज वर्ग में रिया ने तृतीय, 14-18 वर्ष गर्ल्ज वर्ग में सरीना ने द्वितीय, 14-18 वर्ष ब्वॉयज वर्ग में गौरव ने द्वितीय तथा साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18-28 वर्ष गर्ल्ज वर्ग में ममता ने प्रथम स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में 8-14 वर्ष गर्ल्जवर्ग में वसुधा ने तृतीय, 8-14 वर्ष ब्वॉयज वर्ग में प्रिंस ने द्वितीय तथा 14-18 वर्ष गर्ल्ज वर्ग में पूजा ने द्वितीय और रुखसाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक पेयर इवेंट में 8-14 वर्ष गर्ल्ज वर्ग में रिया एवं वसुधा की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

नई सोच

सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से मिला व्यवसाय विस्तार का संबल, 40 लाख रुपये तक पहुंचा वार्षिक कारोबार

लकड़ी के कोल्हू से प्राकृतिक तरीके से निकले तेल ने कमलकांत को दिलाई अलग पहचान

'ऑर्गेनिक नेचुरल एग्रो' स्थापित कर स्थानीय युवकों को भी दिया रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े छोटे उद्यमों को आगे बढने के अवसर मिल रहे हैं। इस योजना का लाभ उठाकर मंडी डबवाली निवासी कमल कांत ने 'ऑर्गेनिक नेचुरल एग्रो' के नाम से अपना व्यवसाय स्थापित किया और आज लकड़ी के कोल्हू से तैयार किए जा रहे प्राकृतिक तेलों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। कमल कांत ने बताया कि उन्होंने लकड़ी के कोल्हू से कोल्ड प्रेस्ड तेल निकालने का कार्य शुरू किया था। अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत वित्तीय सहायता एवं बैंक ऋण का लाभ लिया। उन्हें करीब 12 लाख रुपये की सहायता प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय को विस्तार दिया और उत्पादन एवं विपणन की सुविधाओं को मजबूत किया।

'ऑर्गेनिक नेचुरल एग्रो' में लकड़ी के कोल्हू से प्राकृतिक तरीके से तेल निकाला जाता है। कमल कांत ने बताया कि इस प्रक्रिया में तेल को अत्यधिक गर्म नहीं किया जाता, जिससे तेल के प्राकृतिक गुणों को बनाए रखने में मदद मिलती है। लकड़ी के कोल्हू से तेल निकालने की पारंपरिक पद्धति के कारण उनके उत्पादों को ग्राहकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।

वर्तमान में उनकी इकाई में 8 कर्मचारी कार्यरत हैं। उनके व्यवसाय का वार्षिक कारोबार लगभग 40 लाख रुपये तक पहुंच गया है। इस प्रकार उनका उद्यम स्वयं के लिए आय का साधन बनने के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी रोजगार का माध्यम बना है।



लघु उद्यमी कमलकांत

ऑनलाइन बिक्री से देशभर में पहुंच रहे उत्पाद

कमल कांत के अनुसार, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता के साथ-साथ उत्पादों की बिक्री एवं विपणन के क्षेत्र में भी सहयोग मिला। आज उनके उत्पादों की बिक्री ऑनलाइन माध्यम से होने के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रमुख शहरों में भी हो रही है। दिल्ली, चंडीगढ़, गुरुग्राम सहित विभिन्न स्थानों पर उनके उत्पाद ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से उत्पादों की बिक्री बढने के कारण उनके व्यवसाय का बाजार भी लगातार विस्तारित हुआ है। कमल कांत ने सफल व्यवसाय स्थापित करने में सहयोग के लिए सरकार की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005